# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 18.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",दैनिक जागरण, अमर उजाला, आज, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़, परफेक्ट मिशन, जागरूक एक्सप्रेस, काशीवार्ता,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 18.12.2024

### असि के उद्गम से जुड़े चार तालाबों का होगा जीर्णोद्धार

- आइआइटी बीएचयू के तकनीकी सहयोग से विकास प्राधिकरण कराएगा कार्य
- वीडीए वीसी ने असि पुनरुद्धार की प्राइमरी इंस्पेक्शन परियोजना पर की चर्चा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : असि नदी के पुनर्जीवन की उम्मीद जगी है। कारण यह कि प्राचीन नदी के उद्गम स्थल के चार तालाबों कर्दमेश्वर महादेव मंदिर तालाब, कर्दमेश्वर तालाब, कंदवा तालाब और कंचनपुर तालाब की सफाई व जीर्णोद्धार की योजना बनाई गई है। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने योजना का तकनीकी परीक्षण आइआइटी बीएचयू से कराते हुए निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए हैं।

उपाध्यक्ष मंगलवार को आइआइटी बीएचयू के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक कर रहे थे। इसका उद्देश्य असि नदी के पुनरुद्धार के लिए ड्राइंग, डिजाइन और डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) की तैयारी की प्रगति की समीक्षा करना था। असि के पुनरुद्धार के लिए तैयार की जा रही प्राइमरी इंस्पेक्शन परियोजना पर चर्चा की गई। आइआइटी के सदस्यों ने विस्तृत योजना तैयार करने की दिशा में अब तक हुई प्रगति को प्रस्तुत किया। बताया कि असि नदी वर्तमान में जीवित नदी है। इसके कैचमेंट एरिया में फ्लोरा एवं फना की काफी अच्छी विकसित बायोडायवर्सिटी है। इसे संरक्षित रखते हुए नदी के पुनर्जीवन एवं पुनरुद्धार के लिए कार्य करने की जरूरत है।

विशेषज्ञों के साथ सीवर लाइन का डिटेल्ड प्लान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उपाध्यक्ष ने सूचना प्राथमिकता पर देने का निर्देश दिया। निर्णय लिया गया कि इस परियोजना की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक 15 दिवस पर की जाएगी। बैठक में प्रो. प्रभात कुमार सिंह, प्रो. वृंद कुमार, एस. प्रो. डा. शिशिर गौर, डा. नया सोनी, प्रो. भनलर पाण्डेय, मेघा झा व स्नेहा समेत वीडीए के अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## दैनिक जागरण–दि0 18.12.2024

### काशी के संगीत कलाकारों की स्मृतियों से सजेगा फातमान रोड स्थित पार्क



फातमान रोड पर प्रस्तावित संगीत पार्क का माडल • वीडीए

जागरण संवाददाता, वाराणसी : काशी संगीतकारों की नगरी है। यहां के कलाकारों ने अपने गीत-संगीत से देश-विदेश में ख्याति हासिल की है। इसी को देखते हुए यूनेस्को ने क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में वाराणसी को सिटी आफ म्यूजिक घोषित किया है। इसी को जीवंत करने के लिए विकास प्राधिकरण ने फातमान रोड स्थित पार्क को संगीत पार्क के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।

वीडीए ने कई पार्कों को उच्चीकृत करने की योजना बनाई है। इसी में एक फातमान रोड स्थित पार्क में विश्व को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान जैसा शहनाई वादक देने वाले कलाकार की शहनाई को जीवंत किया करेगा। पार्क में शहनाई का विशाल स्कल्पचर लगाया जाएगा। पार्क में काशी के कलाकारों को समर्पित एक स्थान का विकास किया जाएगा। इसके माध्यम से कलात्मक उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। साथ ही पार्क में काशी के कलाकारों के विषय में जानकारी, सूचना, साइनेज, पट्ट लगाए जाएंगे। पार्क में लोगों के मनोरंजन के लिए एक ऐसा सेल्फी पाइंट बनाया जाएगा जहां बैठने पर ऐसा प्रतीत होगा कि वह मंच पर वाद्य यंत्र के साथ बैठा है। पार्क में भारत के आठ प्रमुख शास्त्रीय नृत्य के स्कल्पचर भगवान नटराज की मूर्ति के साथ स्थापित किए जाएंगे। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने वास्तुविद के साथ सोमवार को फातमान पार्क का निरीक्षण कर चर्चा की।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 18.12.2024

# शहर के व्यवस्थित विस्तार के लिए वीडीए तैयार करेगा जोनल डेवलपमेंट प्लान

- कंसल्टेंट एजेंसी को दी जाएगी जिम्मेदारी, शुरू की गई चयन प्रक्रिया
- सुनियोजित विकास संग सड़क नेटवर्क, सार्वजनिक परिवहन होगा बेहतर

जागरण संवाददाता, वाराणसी : अमृत योजना के अंतर्गत वाराणसी विकास क्षेत्र की जीआइएस आधारित वाराणसी महायोजना-2031, और रामनगर-पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर महायोजना-2031 तैयार की गई है। इसे शासन से स्वीकृति भी मिल चुकी है। अब वीडीए ने महायोजना को बेहतर क्रियान्वयन कर शहर के व्यवस्थित विस्तार के लिए जोनल डेवलपमेंट प्लान बनाने का निर्णय लिया है।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार जोनल प्लान से शहर के विकास को सुव्यवस्थित, योजनाबद्ध और सुदृढ़ करने के साथ ही नागरिकों के जीवन गुणवत्ता में मदद मिलेगी। जोन ही मूल इकाई है। इससे सुनियोजित विकास के साथ सड़क, नेटवर्क, सार्वजनिक परिवहन बेहतर होगा। वाणिज्यिक और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और निवेश बढ़ेगा। इससे आर्थिक समृद्धि होगी। इसके लिए कंपनियों से निविदा आमंत्रित की गई है। इसमें प्रतिभाग करने वाली श्रेष्ठ कंपनी को जोनल डेवलपमेंट प्लान बनाने का दायित्व सौंपा जाएगा।

वाराणसी विकास प्राधिकरण स्थापना के पांच दशक पूरे कर चुका है। इसके बाद भी उसके शहर को सुव्यवस्थित करने की दिशा में उसके प्रयास हमेशा सवालों के घेरे में रहते हैं। शहर पहले से जाम से जूझ रहा। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के नव्य-भव्य स्वरूप में आने के बाद पर्यटकों की बड़ी संख्या को संभाल पाना मुश्किल हो रहा। इसे लेकर नित नए प्रयोग किए जा रहे लेकिन बात बनती नहीं दिख रही।

### रविदास पार्क व स्मारक का 75 लाख से होगा सुंदरीकरण

जासं, वाराणसी : विकास प्राधिकरण ने नगवां स्थित संत रविदास पार्क व स्मारक के नवीनीकरण और सुंदरीकरण की योजना बनाई है। इस पर दो करोड़ 74 लाख 82 हजार रुपये की खर्च किए जाएंगे। यह कार्य पर्यटन विभाग प्राधिकरण की देखरेख में किया जाएगा। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल होगी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार पार्क में स्टोन इंटरलाकिंग, स्टोन बेंच, सोलर स्ट्रीट लाइट, किड्स प्ले रबर मैटिंग, पेंटिंग, आउटडोर जिम, सीसी पाथवे, बाउंड्री वाल आदि का निर्माण होगा।

## दैनिक जागरण–दि0 18.12.2024

# वीडीए ने छाही-सारनाथ में तीन बीघा किया प्लाट ध्वस्त

वाराणसी : शहर के विस्तार के साथ जहां-तहां लोग दो-चार बीघे में प्लाटिंग कर दे रहे हैं। इन अवैध प्लाटिंग में न तो सड़क की व्यवस्था है न ही बिजली-पानी की। विकास प्राधिकरण ऐसी ही सारनाथ के छाही में स्थित तीन बीघे की प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। वीडीए जोन-2 की टीम मंगलवार को मौके पर पहुंची। वहां पप्पू तिवारी नामक व्यक्ति ने बिना मानचित्र स्वीकृत कराए लगभग तीन बीघा में अवैध रूप से प्लाटिंग कराया था। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता विनोद कुमार, वर्तिका दुबे आदि शामिल रहे। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने लोगों से अपील किया कि वीडीए से ले-आउट स्वीकृत कालोनियों में ही प्लाट खरीदें। (जासं)

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## अमर उजाला–दि0 18.12.2024

### अवैध प्लॉटिंग वीडीए ने कराई ध्वस्त

**वाराणसी।** सारनाथ वार्ड के छाही में पप्पू तिवारी की ओर से तीन बीघे में कराई गई अवैध प्लॉटिंग अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने ध्वस्त कराई। उन्होंने जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया कि कहीं भी अवैध निर्माण मिले तो कार्रवाई करें। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अपील की कि बगैर नक्शा पास कराए निर्माण न कराएं। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 18.12.2024

### 2.74 करोड़ के सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास

**वाराणसी।** नगवां के संत रविदास पार्क, स्मारक का नवीनीकरण व सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने किया। यह कार्य 2.74 करोड़ की लागत से पर्यटन विभाग की ओर से वीडीए की देखरेख में होगा। इसकी कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि यहां पर स्टोन इंटरलॉकिंग वर्क, स्टोन बेंच, सोलर स्ट्रीट लाइट, किड्स प्ले रबर मैटिंग, आउटडोर जिम, सीसी पाथवे के साथ बाउंड्री वॉल आदि के कार्य कराए जाएंगे। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 18.12.2024

### प्रमुख चौराहों पर रखे जाएंगे स्ट्रक्चर

**वाराणसी।** महाकुंभ से पहले शहर के प्रमुख चौराहों पर स्ट्रक्चर रखे जाएंगे। यह निर्देश मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने दिए। वीडीए में हुई बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों का सुंदरीकरण कराया जाएगा। यहां स्ट्रक्चर रखे जाएंगे। इसके साथ ही शहर के महत्वपूर्ण स्थलों पर सुंदरीकरण कार्य की समीक्षा की गई। कहा कि समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक तरीके से कार्य पूर्ण कराएं। ब्यूरो

## आज–दि0 18.12.2024

### प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर मंगलवार को अभियंताओं की टीम ने वार्ड–सारनाथ, मौजा छांही के अंतर्गत भूमि मालिक पप्पू तिवारी के तीन बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर कड़ी काररवाई करते हुए जेसीबी के माध्यम से किये गये निर्माण को पुरी तरह ध्वस्त कर दिया। मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता विनोद कुमार, वर्तिका दुबे, सुपरवाइजर, स्थानीय पुलिस और प्रवर्तन दल शामिल रहे।

हिन्दुस्तान–दि0 18.12.2024

आईआईटी विशेषज्ञ बोले, जलग्रहण क्षेत्र में बायोडायवर्सिटी

# असि के उद्गम स्थल का पुनरुद्धार जल्द होगा

**अध्ययन**

- वीडीए के साथ हुई बैठक, कंदवा क्षेत्र में किया जाएगा जीर्णोद्धार
- ड्रॉइंग, डिजाइन और डीपीआर पर की गई गहन बातचीत



असि नदी के उद्गमस्थल के पुनरोद्धार पर आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों ने मंगलवार को वीडीए के अफसरों के साथ चर्चा की। • हिन्दुस्तान

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। असि वर्तमान में जीवित नदी है और जलग्रहण क्षेत्र में वनस्पति एवं जीव जंतु से समृद्ध विकसित बायोडायवर्सिटी विद्यमान है। यह निष्कर्ष मंगलवार को आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों ने असि नदी पर अध्ययन के बाद वीडीए अधिकारियों के साथ बैठक में रखा। वीडीए मुख्यालय में बैठक के दौरान असि नदी के पुनरुद्धार के लिए ड्रॉइंग, डिजाइन और डीपीआर की तैयारी की प्रगति पर चर्चा हुई।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि असि नदी के उद्गम स्थल के पास कर्दमेश्वर, कंदवा, कंचनपुर तालाबों की सफाई एवं जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसके लिए जल्द ही खाका तैयार करके काम शुरू होगा।

आईआईटी बीएचयू के प्रो. प्रभात कुमार सिंह, प्रो. वृन्द कुमार ने कहा कि इन तालाबों को संरक्षित रखते हुए असि नदी के पुनर्जीवन एवं पुनरुद्धार करना आवश्यक है। डॉ. शिशिर गौर ने जलकल विभाग एवं जल निगम के अधिकारियों से उद्गम स्थल के आसपास सीवर लाइन प्रोजेक्ट की जानकारी ली। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस प्रोजेक्ट की समीक्षा हर 15 दिन पर होगी। बैठक में डॉ. पंपा सोनी, मेघा झा, स्नेहा, अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, एसई अरविंद कुमार शर्मा, एई मो. एजाज, राम अवतार आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान–दि0 18.12.2024

# जोनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करेगा वीडीए

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। महायोजना-2031 के बेहतर क्रियान्वयन के लिए वीडीए जोनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करेगा। इस प्रस्ताव को शासन से मंजूरी मिल चुकी है। यह प्लान नगर निगम की सीमा से बाहर गंगा इस पार 163 और गंगापार 65 किमी क्षेत्रफल के लिए बनाया जाएगा। प्लान तैयार करने के लिए वीडीए ने टेंडर निकाला है। चयनित कंपनी छह माह में प्लान करेगी।

भारत सरकार की अमृत योजना के अन्तर्गत जीआईएस आधारित वाराणसी महायोजना-2031 और रामनगर-पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर महायोजना-2031 तैयार की गयी है। इसमें पहली बार जोनल डेवलपमेंट प्लान की संकल्पना लागू की जाएगी। इससे शहर के विकास को व्यवस्थित, योजनाबद्ध और सुदृढ़ करना आसान होगा।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि जोनल प्लान किसी शहर को व्यवस्थित करने की महत्वपूर्ण इकाई है।

इसका एक प्रमुख उद्देश्य गांवों में कई सुविधाएं मुहैया कराना है जिससे छोटी-छोटी जरूरतों के लिए शहर की ओर न आना पड़े। इससे शहर में भीड़ प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

## भू-उपयोग जान सकेंगे

आमलोगों को अपनी जमीन का भू-उपयोग पता चल सकेगा। माइक्रो स्तर पर प्लान बनने से ज़मीनों की उपलब्धता और उनकी उपयोगिता का खाका बनाना आसान होगा। वीडीए के चक्कर नहीं काटने होंगे।

## सड़क नेटवर्क बनेगा

जोनल डेवलपमेंट प्लान में सड़क का नेटवर्क अहम हिस्सा होगा। वहीं बाजारों, हाट और औद्योगिक विकास के लिए जमीनें चिन्हित करने की योजना भी आसान होगी।

## भूमि बैंक पर भी विचार

वीडीए का गठन हुए 50 साल हो गये हैं। लेकिन वीडीए के पास भूमि बैंक नहीं है। जोनल डेवलपमेंट प्लान बनने के दौरान वीडीए भूमि बैंक भी तलाशेगा। अभी गंजारी में भूमि बैंक की तलाश चल रही है।

USH

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 18.12.2024

# असि के पुनरुद्धार को डीपीआर की प्रगति की समीक्षा

**वाराणसी (एसएनबी)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने संबंधित अधिकारियों और आईआईटी बीएचयू के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की। इसका उद्देश्य अस्सी नदी के पुनरुद्धार के लिए ड्राइंग, डिजाइन और डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) की तैयारी की प्रगति की समीक्षा करना था।

बैठक में अस्सी नदी के पुनरुद्धार के लिए तैयार की जा रही प्राइमरी इंस्पेक्शन परियोजना पर चर्चा की गई। आईआईटी बीएचयू के तकनीकी सदस्यों ने विस्तृत प्लान तैयार करने की दिशा में अब तक हुई प्रगति को प्रस्तुत किया। इस दौरान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने छोटे और बड़े तालाबों की सफाई कार्य को जल्द से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि नदी के जीर्णोद्धार का कार्य जल्द से जल्द संपन्न हो सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस परियोजना की प्रगति की अगली समीक्षा 15 दिन बाद की जाएगी। इसके अलावा, जीर्णोद्धार योजना से जुड़े अन्य पहलुओं पर भी चर्चा की गई। उपाध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि यह परियोजना वाराणसी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के मद्देनजर बेहद अहम है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में आईआईटी बीएचयू के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिशिर गौर, प्रोफेसर डॉ. अनुराग ओहरी, प्रोफेसर डॉ. मेधा झा, वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव गुड़ाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## मोबाइल टावर लगाने में आ रही समस्या को लेकर हुआ मंथन

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को जियो कंपनी के प्रतिनिधि के साथ बैठक की गयी। बैठक में मोबाइल की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा मोबाइल टावर की स्थापना की जाती है जिसके लिए नियमानुसार प्राधिकरण से अनुमति ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जानी होती है। ऑनलाइन माध्यम से अनुमति प्राप्त किये जाने सम्बन्धी पोर्टल एवं मानको के अंतर्गत समरूपता होने के कारण कतिपय परेशानियों का सामना कंपनी द्वारा किया जा रहा था, जिस को देखते हुए वीडीए उपाध्यक्ष ने पोर्टल की समस्त प्रक्रिया को समझते हुए आ रही समस्याओं एवं कमियों को यूपी सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ़ आईटीएंड को समस्या का समाधान कराए जाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार, अर्बन प्लानर कंसलटेंट आकांक्षा अग्रवाल एवं ईवाई कंसलटेंट रोहित रैना आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 18.12.2024

# वीडीए ने अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा मंगलवार को अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।टीम ने वार्ड-सारनाथ, के मौजा-छांही के अन्तर्गत पप्पू तिवारी द्वारा बिना मानिचत्र स्वीकृत कराए लगभग तीन बीघा में किये गये अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इस अवसर पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता विनोद कुमार , वर्तिका दुबे तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 18.12.2024

### जीआईएस पर आधारित महायोजना 2031 को शासन से मिली मंजूरी

**वाराणसी।** भारत सरकार की अमृत योजना के लिए वाराणसी विकास क्षेत्र की जीआईएस आधारित वाराणसी महायोजना-2031 एवं रामनगर-पं0दीन दयाल उपाध्याय नगर महायोजना-2031 तैयार की गयी है, जिसे प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा महायोजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जोनल डेवलपमेन्ट प्लान बनाने का निर्णय लिया गया है, जिससे शहर के विकास को सुव्यवस्थित, योजनाबद्ध और सुदृढ़ करने के साथ ही नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में मदद मिलेगी।जोनल प्लान किसी शहर को व्यवस्थित करने की महत्वपूर्ण इकाई है। जोनल प्लान का उद्देश्य शहर के आवागमन एवं यातायात व्यवस्था को सुनियोजित करने के साथ ही सड़क नेटवर्क, सार्वजनिक परिवहन एवं यातायात की समस्या कम करना तथा साथ ही सहज आवागमन के लिए बेहतर संरचना तैयार करना है। जोनल डेवलपमेन्ट प्लान से शहर की वाणिज्यिक और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा शहर में निवेश बढ़ेगा, जिससे शहर की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। जोनल डेवलपमेन्ट प्लान को तैयार किये जाने के लिए निविदा को आमंत्रित किया गया है, जिसमें प्रतिभाग करने वाली श्रेष्ठ कम्पनियों में से एक का चयन कर वाराणसी शहर का जोनल डेवलपमेन्ट प्लान बनाने का दायित्व सौंपा जायेगा।

## न्यायाधीश–दि0 18.12.2024

### जियो कंपनी के प्रतिनिधि के साथ बैठक आयोजित



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में जियो कंपनी के प्रतिनिधि के साथ बैठक की गया।मोबाइल की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा मोबाइल टावर की स्थापना की जाती है जिसके लिए नियमानुसार प्राधिकरण से अनुमति ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जानी होती है। ऑनलाइन माध्यम से अनुमति प्राप्त किये जाने सम्बन्धी पोर्टल एवं मानको के अंतर्गत समरूपता होने के कारण कतिपय परेशानियों का सामना कंपनी द्वारा किया जा रहा था । जिस हेतु उपाध्यक्ष महोदय द्वारा पोर्टल की समस्त प्रक्रिया को समझते हुए आ रही समस्याओं/कमियों को डिपार्टमेंट ऑफ़ आई0टी0 एंड यू0 पी0 सरकार को समस्या का समाधान कराए जाने के निर्देश दिए गये ।बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार, अर्बन प्लानर कंसलटेंट आकांक्षा अग्रवाल एवं ई0वाई0 कंसलटेंट रोहित रैना उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 18.12.2024

### संत रविदास पार्क एवं स्मारक का नवीनीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का किया गया शिलान्यास



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार नगवां स्थित संत रविदास पार्क एवं स्मारक का नवीनीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाना है, जिसमे निम्न कार्य सम्मिलित है -स्टोन इंटरलॉकिंग वर्क,स्टोन बेन्चेस ,सोलर स्ट्रीट लाइट ,किड्स प्ले रबर मैटिंग ,पेंटिंग वर्क ,आउटडोर जिम ,सीसी पाथवे विथ बाउंड्री वाल इत्यादी उक्त कार्य का शिलान्यास मा0 विधायक कैंट श्री सौरव श्रीवास्तव द्वारा किया गया ।कार्य की कुल लागत रू0 02 करोड़ 74 लाख 82 हजार है जो पर्यटन विभाग द्वारा प्राधिकरण की देखरेख में एवं कार्यदायी संस्था यू0पी0पी0सी0एल0 से कराया जाना है।

## काशीवार्ता–दि0 18.12.2024

### वरुणा नदी के किनारे ग्रीन बेल्ट में ध्वस्तीकरण

वाराणसी (काशीवार्ता)। विकास प्राधिकरण के जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा वरुणा नदी के किनारे अवैध निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। वार्ड-सिकरौल, रजा कॉलोनी में अतुल रहमान उर्फ भोला द्वारा लगभग 2050 वर्ग फीट क्षेत्र में अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण ने पूर्व में नोटिस जारी किया था और निर्माणकर्ता को सुनवाई का अवसर भी दिया गया था. लेकिन सुनवाई की तिथि पर शिकायतकर्ता के उपस्थित न होने पर यह निर्माण ग्रीन बेल्ट के अंतर्गत होने के कारण आज ध्वस्त कर दिया गया।



ध्वस्तीकरण कार्यवाही के दौरान जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियंता विनोद कुमार, प्रिया अग्रहरी और समस्त सुपरवाइजर के साथ पुलिस बल भी मौके पर उपस्थित था।उपाध्यक्ष ने आम जनमानस से अपील की है कि वे केवल वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें और मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें। अन्यथा, प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## न्यायाधीश–दि0 18.12.2024

### अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही




वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशानुसार एवं अपर सचिव के नेतृत्व में 17/12/2024 को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड- सारनाथ, थाना-सारनाथ, मौजा- छांही के अन्तर्गत श्री पप्पू तिवारी द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए लगभग 03 बीघा में किये गये अवैध प्लाटिंग को आज दिनांक 17/12/2024 को ध्वस्त किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता विनोद कुमार , वर्तिका दुबे तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 18.12.2024

### शहर का जोनल डेवलपमेन्ट प्लान बनाने के लिए वीडीए ने निकाला टेंडर

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** भारत सरकार की अमृत योजनान्तर्गत वाराणसी विकास क्षेत्र की जी0आई0एस0 आधारित वाराणसी महायोजना-2031 एवं रामनगर-पं0दीन दयाल उपाध्याय नगर महायोजना-2031 तैयार की गयी है, जिसे उ0प्र0 शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा महायोजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जोनल डेवलपमेन्ट प्लान (Zonal Development Plan) बनाने का निर्णय लिया गया है, जिससे शहर के विकास को सुव्यवस्थित, योजनाबद्ध और सुदृढ़ करने के साथ ही नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में मदद मिलेगी।

जोनल प्लान किसी शहर को व्यवस्थित करने की महत्वपूर्ण इकाई है। जोनल प्लान का उद्देश्य शहर के आवागमन एवं यातायात व्यवस्था को सुनियोजित करने के साथ ही सड़क नेटवर्क, सार्वजनिक परिवहन एवं यातायात की समस्या कम करना तथा साथ ही सहज आवागमन हेतु बेहतर संरचना तैयार करना है। जोनल डेवलपमेन्ट प्लान से शहर को वाणिज्यिक और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा शहर में निवेश बढ़ेगा, जिससे शहर की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।जोनल डेवलपमेन्ट प्लान (Zonal Development Plan) को तैयार किये जाने हेतु निविदा (Tender) 17-12-2024 को आमंत्रित किया गया है, जिसमें प्रतिभाग करने वाली श्रेष्ठ कम्पनियों में से एक का चयन कर वाराणसी शहर का जोनल डेवलपमेन्ट प्लान बनाने का दायित्व सौंपा जायेगा।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 18.12.2024

# वीडीए वीसी पुलकित गर्ग संग जिओ कंपनी के प्रतिनिधियों की हुई बैठक



वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग जिओ कंपनी के प्रतिनिधियों संग बैठक करते हुए

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में जियो (JIO) कंपनी के प्रतिनिधि के साथ मंगलवार को बैठक की गयीद्य मोबाइल की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा मोबाइल टावर की स्थापना की जाती है जिसके लिए नियमानुसार प्राधिकरण से अनुमति ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जानी होती है।

ऑनलाइन माध्यम से अनुमति प्राप्त किये जाने सम्बन्धी पोर्टल एवं मानको के अंतर्गत समरूपता होने के कारण कतिपय परेशानियों का सामना कंपनी द्वारा किया जा रहा था। जिस हेतु उपाध्यक्ष महोदय द्वारा पोर्टल की समस्त प्रक्रिया को समझते हुए आ रही समस्याओं/कमियों को डिपार्टमेंट ऑफ़ आई0टी0 एंड यू0 पी0 सरकार को समस्या का समाधान कराए जाने के निर्देश दिए गये। बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार, अर्बन प्लानर कंसलटेंट आकांक्षा अग्रवाल एवं ई0वाई0 कंसलटेंट रोहित रैना उपस्थित रहे।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 18.12.2024

# असि नदी के पुनरूद्धार को लेकर वीडीए में बैठक

### आईआईटी बीएचयू के तकनीकी सदस्यों ने विस्तृत प्लान तैयार करने की दिशा में हुई प्रगति को किया प्रस्तुत

जिला संवाददाता



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों और आईआईटी बीएचयू के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की। इसका उद्देश्य अस्सी नदी के पुनरुद्धार के लिए ड्राइंग, डिजाइन और डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) की तैयारी की प्रगति की समीक्षा करना था। बैठक में अस्सी नदी के पुनरुद्धार के लिए तैयार की जा रही प्राइमरी इंस्पेक्शन परियोजना पर चर्चा की गई। आईआईटी बीएचयू के तकनीकी सदस्यों ने विस्तृत प्लान तैयार करने की दिशा में अब तक हुई प्रगति को प्रस्तुत किया। इस दौरान उपाध्यक्ष श्री गर्ग ने छोटे और बड़े तालाबों की सफाई कार्य को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि नदी के जीर्णोद्धार का कार्य जल्द से जल्द संपन्न हो सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस परियोजना की प्रगति की अगली समीक्षा 15 दिन बाद की जाएगी। इसके अलावा, जीर्णोद्धार योजना से जुड़े अन्य पहलुओं पर भी चर्चा की गई। उपाध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि यह परियोजना वाराणसी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के मद्देनजर बेहद अहम है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में आईआईटी बीएचयू के एसोसिएट प्रो. डॉ. शिशिर गौर, प्रो. डॉ. अनुराग ओहरी, प्रो. डॉ. मेधा झा ने भाग लिया। वहीं, वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से अपर सचिव गुड़ाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## परफेक्ट मिशन–दि0 18.12.2024

### अवैध प्लाटिंग विकास प्राधिकरण ने बुलडोजर से कराया ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सारनाथ क्षेत्र में 3 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश और अपर सचिव के नेतृत्व में जोन-2 की प्रवर्तन टीम ने की। कार्रवाई से खलबली मची रही। वार्ड-सारनाथ के थाना-सारनाथ अंतर्गत मौजा-छांही में श्री पप्पू तिवारी द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए 3 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण ने मौके पर पहुंचकर पूरी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता विनोद कुमार, वर्तिका दुबे, प्रवर्तन दल के सदस्य, सुपरवाइजर और पुलिस बल मौजूद रहे।

## काशीवार्ता–दि0 18.12.2024

# 60 फीट चौड़ा होगा रथयात्रा-गुरुबाग मार्ग

### सुगम यातायात के लिए वीडीए ने बनाई सड़क विस्तारीकरण की योजना

**लाल निशान लगाकर अवैध निर्माण पर कार्रवाई का हुआ निर्देश**

वाराणसी (काशीवार्ता)। रथयात्रा-गुरुबाग मार्ग अब 60 फीट चौड़ा होगा। सुगम यातायात के लिए वीडीए ने सड़क विस्तारीकरण की योजना बनाई है। लाल निशान लगाकर अवैध निर्माण पर कार्रवाई का निर्देश हुआ है। विकास प्राधिकरण (वीडीए) के उपाध्यक्ष ने रथयात्रा-गुरुबाग मार्ग विस्तारीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने 18 मीटर चौड़े प्रस्तावित मार्ग के मध्य से 9 मीटर के भीतर आने वाले अवैध निर्माण और कब्जों को चिन्हित कर उन्हें हटाने के लिए संबंधित जोनल अधिकारी को विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस विस्तारीकरण कार्य के पूरा होने से रथयात्रा-गुरुबाग मार्ग की संकरी सड़कों पर यातायात सुगम होगा। लंका और बीएचयू की ओर जाने वाले वाहनों के लिए आवागमन तेज और आसान बनेगा। साथ ही, सघन यातायात वाले इस क्षेत्र में प्रदूषण के स्तर में भी गिरावट आने की उम्मीद है। उपाध्यक्ष ने जोनल अधिकारी और वीडीए की टीम को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों के विस्तार में बाधा बन रहे अवैध निर्माणों को प्राथमिकता के साथ हटाया जाए। योजना सलाहकार और अवाप्ति अनुभाग के अधिकारियों को भी इस कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष के साथ जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, योजना सलाहकार, वीडीए के अवाप्ति अनुभाग के कर्मचारी और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वाराणसी विकास प्राधिकरण का यह कदम न केवल नगर के यातायात प्रबंधन में सुधार करेगा, बल्कि इसे स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगा।



चौड़ीकरण के लिए मौका-मुआयना करते वीडीए उपाध्यक्ष व अन्य।